प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज किन्नौर ज़िले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूह में करीब साढ़े 9 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 2 इंडोर खेल स्टेडियमों का शिलान्यास शामिल है। केन्द्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास व वित्त निगम के लाभार्थियों से भी संवाद किया। एक जनसभा में उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के सत्ता में आने के बाद से सभी अल्पसंख्यकों के लिए एक समान योजनाएं व बजट का प्रावधान किया जा रहा है। किरेन रिजिजू ने वर्तमान केन्द्र सरकार के ''सबका साथ—सबका विकास'' के नारे को सफल बनाने का संकल्प भी दोहराया। उन्होंने पूह क्षेत्र में सीवरेज लाइन बिछाने और खेल मैदान के लिए बजट प्रावधान करने की घोषणा भी की। सांसद कंगना रनौत सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय सर्वे परख में शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में हिमाचल देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले वर्ष 2021 में हिमाचल को 21वें स्थान पर आंका गया था। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में बताया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बढ़ी रैंकिंग ने शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए अभूतपूर्व फैसलों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर ज़िला प्रशासन को मॉनसून के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज नाहन में एक बैठक में अधिकारियों को ज़रूरी दिशानिर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने उपायुक्त को अपने स्तर पर सभी विभागों के साथ नियमित बैठकें करने को कहा ताकि जनसमस्याओं का त्वरित

निपटारा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विकास को गति प्रदान करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

उपलब्धि

आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र के सूचकांक में चंबा ज़िला ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज चंबा में बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी फरवरी 2025 की आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग में ज़िले को ये उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र में अव्वल आने पर चंबा ज़िले को नीति आयोग से 3 करोड़ रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि ये उपलब्धि विभिन्न विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के समन्वय व जनसहभागिता का परिणाम है।

राठौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रदेश में अवैध खनन व वन कटान पर चिंता जताई है। शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इसी के चलते प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश को बड़ी क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों कुल्लू में बहकर आई लकड़ियां अवैध वन कटान का प्रमाण है जिस पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। कुलदीप राठौर ने सरकार से अवैध खनन व वन कटान पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में पहला राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 30 जून और एक जुलाई को आयोजित किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि उदघाटन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के समापन पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

———————————————